Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 01-09-2022 | अंक 331

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### आवास के लिए महिला ने अधिकारियों से लगाई गुहार



बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव निवासी उमा देवी पति मोहन ठाकुर का घर काफी जर्जर स्थिति में है। बरसात के समय घर में जगह जगह से पानी टपकता है। मोहन ठाकुर बाहर में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे है। पीड़ित महिला के छः छोटे छोटे बच्चे है जिसे बारिश में समय में पठन पाठन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पीड़ित महिला ने बरही के आला अधिकारियों से प्रधान मंत्री आवास मुहैया कराने की मांग की है।

APEM LIVE

# मृतक महिला के स्वजनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

## धनवार पंचायत में बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर के सौजन्य से जागरूकता शिविर का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

धनवार पंचायत कोरियाडीह पैक्स सभागार कक्ष में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर के शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद, एरिया मैनेजर विमल कांत, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार की उपस्थिति में मृतक महिला शैमरुन निशा के स्वजन रियासत अंसारी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत गुरुवार को बीमा राशि दो लाख रुपये मिली। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक रोहित कुमार ने किया। इसके अलावा धनवार व करियातपुर पंचायत के ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बैंक ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने बताया कि बीमा का लाभ सभी लोगों को लेना जरूरी है। बैंक अ०फ इंडिया शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 436 रुपये सालाना प्रीमियम जमा करने पर दो लोगों के स्वजनों को दो लाख की आर्थिक सहायता दी गई। उन्होंने कहा कि नेचुरल डेथ होने पर नामिनी को उसका लाभ दिया जाता है, यह बेहतर योजना है। अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं। मौके पर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लाभुकों को बीमा का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि शैमरुन निशा मुस्कान महिला सहायता समूह से भी जुड़ी रही थी। उन्होंने अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए पीएम जीवन ज्योति बीमा करवाकर अपने परिजनों को लेकर सोंचने का काम किया। मुखिया राजेन्द्र प्रासद ने पंचायत के लोगों से आग्रह किया कि लोग सुकन्या योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना समेत विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। अटल पेंशन योजना से सम्बंधित उन्होने कहा कि इसका लाभ भविष्य में लोगों को मिलता है, इसलिए योजना का लाभ लोग अवश्य उठाएं। मौके पर नरेश प्रसाद, अशोक यादव, उमेश यादव, सहायक प्रबंधक रोहित, एग्रीकल्चर मैनेजर हिरामन प्रसाद, कुलदीप कुमार, अंकित केशरी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, नरेश कुमार वर्मा, प्रकाश साव, अशोक यादव, उमेश यादव,मनोज कुशवाहा, राजू प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, सीताराम प्रसाद, रविन्द्र ठाकुर, प्रमोद प्रसाद, सुरेश ठाकुर, राजेन्द्र प्रसाद, धर्म महतो, महेन्द्र यादव, प्रकाश ठाकुर, किशुन महतो, नागेश्वर प्रसाद, केशो यादव, अशोक राणा, तिलक यादव, प्रताप सिंह, सोनू कुमार, मुकेश यादव, रियासत अंसारी, सिकन्दर रविदास, राजेश ठाकुर, इस्तियाक अंसारी, प्रकाश प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, वार्ड सदस्य लक्ष्मी कुमारी, सुगन्ती देवी, पूनिया देवी, गुडिया देवी, कुन्ती देवी, उर्मिला देवी, यशोदा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।



चेक सौंपते बीडीओ वा अन्य

# बरही के कई गणेश उत्सव में शामिल हुए बरही के पूर्व विधायक, की सुख समृद्धि की कामना

## ओरपरता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते पूर्व विधायक व अन्य



गणेश उत्सव में शामिल पूर्व विधायक मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही के अलग अलग कई स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इसी क्रम में करियातपुर दुर्गा मंडप गणेश उत्सव ,करियातपुर ठाकुर टोला गणेश उत्सव में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। जहां उन्होंने भगवान गणेश से क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। विभिन्न जगहों पर भगवान गणेश के दर्शन को देखने के लिए उनके साथ दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। उसके बाद डपोक पंचायत के ओरपरता गांव में पूर्व विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने अपने कला का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि धर्म के कार्यों में सच्चे दिल से लगने से जीवन में अनेक गुणों का संचार होता है और धार्मिक वातावरण से आसपास में शुद्धता भी आती है। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी के दिन गणेशजी का अवतरण हुआ था। इस दिन को गणेश जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं। इस दिन गणेशजी की प्रतिमा भी कई घरों में स्थापित की जाती है। उन्होंने विभिन्न जगहों पर गणेश पूजा में भाग लिया और भगवान गणेश से क्षेत्र की मंगल कामना की। मौके पर जिलापरिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ,वरिष्ठ भाजपा नेता अर्जुन साव,युवा नेता रितेश गुप्ता ,धनवार पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद व पंचायत समिति सदस्य बिहारी यादव , वार्ड सदस्य पूजा समिति अध्यक्ष राजेश यादव ,भूत पूर्व मुखिया लालमणि यादव,किशुन राणा ,युवराज यादव, हीरालाल राणा , मुकेश यादव , मनोज यादव,पिंटू राणा ,राजू राणा, संजय यादव,गंगो राणा, महेन्द्र यादव,महेश यादव,भुनेश्वर यादव, अरविंद यादव ,पोखराज यादव, रंजीत यादव,नंदलाल राणा प्रकश यादव प्रदीप राणा आदि लोग शामिल रहे। श्री गणेश पूजा समिति करियातपुर के अध्यक्ष सूरज शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, सचिव प्रदीप शर्मा ,मेंबर चंदन कुमार शर्मा, सूरज कुमार प्रजापति, विक्की कुमार शर्मा, रुपेश शर्मा सुमित ,शर्मा विकास शर्मा, सनी शर्मा,निशांत शर्मा, धर्मेंद्र पंडित, चंदन केसरी, संतोष प्रजापति, सकलदेव शर्मा, रोहित साव,कुंदन कुमार,टिंकू ठाकुर, बिरजू ठाकुर, दिलीप ठाकुर,इंद्रदेव ठाकुर, मुन्ना शर्मा, पप्पू केसरी करियातपुर दुर्गा मंडप गणेश पूजा समिति से भाजयुमो बरही पूर्वी मण्डल अध्यक्ष रितेश केशरी ,पवन केशरी , शुभम केशरी ,संदीप केशरी, रौनक केशरी,अंकित केशरी , आशुतोष केशरी,अभिषेक केशरी,सचिन यादव ,सचिन केशरी, अनुज,केशरी,अमित रजक , बिट्टू केशरी,रितेश केशरी,आशीष केशरी आदि लोग पूजन कार्य को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

APEM LIVE

# कस्तूरबा की बच्चियों को दी जा रही है सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण : नेहा कुमारी

## कस्तूरबा विद्यालय में कराटे के तहत दी गई बेल्ट ग्रेडिंग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बेल्ट ग्रेडिंग में शामिल प्रतिभागी

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया। इसमे सिहान उदय कुमार (झारखंड प्रभारी) तथा सेंसाई प्रीति कुमारी के नेतृत्व में छात्राओं ने बेल्ट ग्रेडिंग की गई। बेल्ट ग्रेडिंग के तहत छात्राओं ने काता, कूमीते तथा सेल्फ डिफेंस का शानदार प्रदर्शन किया स छात्राओं के प्रदर्शन के आधार पर बेल्ट की ग्रेडिंग की गई। इसमे राखी कुमारी, सुरभि कुमारी, रेशमी कुमारी को ब्लू बेल्ड दी गई। पूनम मींज, निष्कान कुमारी, कोमल कुमारी, माहेनूर, रूपा कुमारी, अंजली कुमारी, पूजा कुमारी अ०रेंज बेल्ट की उपाधि दी गई। ब्राउन बेल्ट पाने वालों में प्रिया कुमारी और येलो बेल्ट पाने वालों में संगीता कुमारी, मनीता मींज, निक्की कुमारी, भीखनी कुमारी शामिल हैस वार्डन नेहा कुमारी ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ लड़कियों को आत्मरक्षा का गुर सीखना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए कस्तूरबा विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चियों को सेल्फ डिफेंस की गुर सिखाई जाती है। मौके पर प्रीति कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति वर्मा सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# अंकिता के हत्यारे को हो फांसी : पूनम यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड में अंकिता हत्या पर आरजेडी के प्रदेश युवा महासचिव पूनम यादव ने झारखंड राज्य सर्वाधिक पीड़ित राज्य बन चुका है। उन्होंने कहा की झारखंड में बेटियो को तेजाब और पेट्रोल से जलाया जा रहा है, लेकिन सरकार संवेदनशील बनी हुई है। 23 अगस्त को अहले सुबह अंकिता जो झारखंड की बेटी के साथ दिल दहला देने वाली घटना हुई, जिससे पूरा राज्य में आक्रोश है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अंकिता अपने घर की होनहार बेटी थी और पढ़ लिखकर शिक्षिका बनना चाहती थी।



पूनम यादव

वहीं उन्होंने राज्य सरकार से अपील की है की अंकिता के हत्या में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें फांसी का सजा दे। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति ना हो

APEM LIVE NEWS सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही डिफेंस अकादमी ने कराया 1600 मीटर दौड़ का आयोजन, सैकड़ों युवक एवं युवतियों ने लिया भाग

### देश की सुरक्षा के लिए प्रत्येक घर से एक जवान हो शामिल : रोहित कुमार





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में संचालित बरही डिफेंस एकेडमी के निदेशक रोहित कुमार यादव के द्वारा गुरुवार को हरला ग्राउंड में 1600 मीटर का दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि कोबरा के पंकज कुमार यादव शामिल हुए। इस दौड़ में लगभग सैकड़ों युवक एवं युवतियों ने भाग लिया। युवकों के लिए 1600 मीटर दौड़ के लिए 5 मिनट 20 सेकंड का समय और युवतियों के लिए 7 मिनट 30 सेकंड का समय निर्धारित किया गया। इस दौड़ में भाग लेने वाले लगभग सभी युवकों ने अपने लक्ष्य को साढ़े चार से पांच मिनट में पूरा किया और युवतियों ने छः से साढ़े छः मिनट में पूरा किए। मुख्य अतिथि पंकज कुमार यादव ने देश की सुरक्षा के लिए भारतीय सेना की तैयारी कर रहे छात्र - छात्राओं को किस प्रकार से लक्ष्य निर्धारित करके तैयारी की जाती है। इस विषय पर दौड़ में भाग लेने वाले सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की हमे बहुत खुशी महसूस हो रही है की बरही क्षेत्र के युवक एवं युवतियां भारतीय सेना में भर्ती के लिए जोर शोर से मेहनत कर रही है। वहीं एकेडमी के संचालक रोहित कुमार यादव ने बताया की मेरा सपना है की बरही वा आस पास के सुदुर गांव देहात के युवक युवती देश की सुरक्षा में अपनी सेवा दे। उन्होंने कहा की मेरा प्रयास है की भारतीय सेना में प्रत्येक घर से एक जवान शामिल हो। वहीं उन्होंने बरही डिफेंस एकेडमी के ज्यादा जानकारी के लिए यू ट्यूब चौनल Barhi defence academy पर जाकर देख सकते है। इस दौड़ को सफल बनाने में विक्रम सिंह, चंदन कुमार, सतीश कुमार, एकेडमी के पंकज कुमार, अरविंद कुमार एवं अनिल कुमार ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## संस्कृत सम्यक ज्ञान प्रदान करने वाली भाषा है : अशोक सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में संस्कुत दिवस का आयोजन, बच्चो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बच्चों को संबोधित करते प्राचार्य अशोक कुमार सिंह

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में संस्कृत दिवस का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन के साथ पुष्पाआर्चन कार्यक्रम के साथ शुरुआत हुई। मंच संचालन मिथलेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कक्षा पंचम से लेकर दशम तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंगलाचार मम माता देवता, संस्कृत भाषण ,श्लोक पाठ, पुस्तक वाचन, श्री हरिओम स्तोत्रम ,नृत्य नाटिका , गीतगायनाम जैसे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत एक सम्यक भाषा है। जरूरत है इसे समझ कर इस दिशा में कदम बढ़ाने की। यह भाषा भारत की मातृभाषा के रूप में जानी जाती है। जिसमें विभिन्न प्रकार के ग्रंथों की रचना की गई है। वेद, उपनिषद ,पुराण जैसे ग्रंथों के माध्यम से हमारा भारत सदियों से ज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विजय कुमार ने कहा कि बच्चों को संस्कृत भाषा खुले मन से अपनाना चाहिए ।इस भाषा में संग्रहित ज्ञान प्राचीन काल से ही हम भारतवासियों का पथ प्रदर्शन कर रहा है ।इस पूरे कार्यक्रम की संरचना और उसका क्रियान्वयन सुशील सिंह के द्वारा की गई। साज सज्जा की देखरेख लल्लन यादव के द्वारा तथा संगीत शिक्षक दीपक कुमार की भी इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अंकिता के हत्यारों के लिए विहिप ने बरही में निकाला आक्रोश मार्च




विहिप एवं बजरंगदल के कार्यकर्ता




आक्रोश मार्च में शामिल स्कूली छात्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड के दुमका जिले में पड़ोसी शाहरुख द्वारा अंकिता पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर हत्या करने के मामले में गुरुवार को विहिप एवं बजरंग दल के सदस्यो ने संयुक्त रूप से बरही में आक्रोश मार्च निकालकर इस घटना की निंदा करते हुए अंकिता के हत्या में शामिल सभी दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। आक्रोश मार्च बरही चौक से निकलकर बाजार होते हुए नगर का भ्रमण किया। इस दौरान रैली में मौजूद लोगो ने हा. थो में बैनर, पोस्टर लिए हत्यारों को फांसी दो का नारा लगा रहे थे। रैली में शामिल सभी लोगो ने राज्य सरकार से अंकिता के हत्यारों को फांसी देने की मांग कर रहे थे। विहिप एवं बजरंगदल के नेताओं ने विरोध जताते हुए कहा की यह बहुत ही जघन्य अपराध है और राज्य सरकार को शर्मशार करने वाला विषय है। आज हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नही है। हत्या करने वाले जेहादी मानसिकता के लोगो पर सरकार को कठोर कदम उठाना चाहिए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही जीप सदस्या प्रीती कुमारी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, विहिप प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय राणा कैलाश ठाकुर, बजरंग दल संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, भाजपा नेत्री सुषमा विश्वकर्मा एवं प्रचार प्रसार प्रमुख मिथलेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## चंदवारा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मुखिया संघ की बैठक की गई

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदिप कुमार**



चंदवारा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मुखिया संघ की बैठक की गई ।बैठक के अध्यक्षता कांको पंचायत के मुखिया श्यामदेव यादव एवं संचालन संतोष कुशवाहा ने किया ।बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई ।बैठक के पश्चात प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से बड़कीधमराय पंचायत के मुखिया सरजू वर्मा अध्यक्ष ,पुष्पा देवी उपाध्यक्ष, संतोष कुशवाहा को सचिव, अनिता देवी को सह सचिव चुना गया ।इस दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष सरजू वर्मा ने कहा कि सर्व सम्मति से हमे संघ के अध्यक्ष चुना गया,हम अपने कार्य को बखूबी निभाते हुए ईमानदारी पूर्वक काम करूंगा ।और संघ को मिला झूला एक साथ चलने का प्रयास करूंगा ।मौके पर उरवां पंचायत के मुखिया मनोज पासवान,बिरसोडीह पंचायत के मुखिया बीरेन्द्र यादव, रामदेव यादव, असगर अंसारी,पुष्पा देवी,सरस्वती देवी,मीना देवी,नीरज कुमार, अशोक रंजन समेत कई लोग मौजूद थे।

## युवा नेता कृष्णा यादव ने स्व धुपाली यादव फुटबॉल मेमोरियल टूर्नामिंट का किया उद्घाटन

### पढ़ाई के साथ साथ खेल भी जरूरी : कृष्णा यादव

**अपेम लाइव :चंदवारा**



टूर्नामिंट का उद्घाटन करते कृष्णा यादव वा अन्य

चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पत्थलगड्डा पंचायत के जोगोडीह गांव में आयोजित स्वर्गीय धुपाली यादव फुटब०ल मेमोरियल टूर्नामेंट का उद्घाटन बरही विधानसभा के युवा नेता कृष्णा यादव, मुखिया मीना देवी, उपमुखिया बीरेंद्र यादव एवं पूर्व मुखिया देवनारायण रजक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। युवा नेता कृष्णा यादव ने कहा की स्वास्थ्य शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। खेल कई प्रकार के होते है, जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते है। साथ ही उन्होंने कहा की लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम है। मौके पर शिव शक्ति क्लब के अध्यक्ष शिवशंकर गोप, मनोज यादव, बहादुर भुइयां, सहदेव यादव, सतीश यादव, अरुण यादव, राजेश यादव, रवि यादव, शिवकुमार यादव, उमेश यादव, योगेंद्र यादव, संजय यादव एवं दर्जनों अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे।

## फुटबॉल का खेल खिलाड़ियों को स्वस्थ्य एवं अनुशासित बनाये रखता है : उप प्रमुख प्रीति कुमारी

**अपेम लाइव : चौपारण**



खिलाड़ियों को सम्मानित करते उपप्रमुख

बसरिया पंचायत अंतर्गत महुवाबाद स्थित ग्रीन स्टेडियम में आयोजित फुटब०ल चौंपियनशिप में बुधवार को बेलाही एवं पुरनाथाम के बीच क्वार्टरफाइनल मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में दोनों टीम के खिलाड़ी मैदानी गोल दागने में नाकाम रहे, तो आयोजन समिति के निर्णय पर पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। जिसमें बेलाही ने 5-4 से जीत दर्ज सेमीफाइनल में जगह बनाया। क्वार्टरफाइनल में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होकर उप प्रमुख प्रीति कुमारी ने बेलाही टीम से दीपक यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किये। उप प्रमुख प्रीति कुमारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल एक लोकप्रिय खेल है जो खिलाड़ियों को स्वस्थ्य एवं अनुशासित बनाये रखता है। यह मनोरंजन के साथ-साथ एक्सरसाइज का भी माध्यम है। फुटबॉल को कैरियर के रूप में भी चुनकर आगे बढ़ा जा सकता है। मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि लालेश कुमार साहू, गोबिंदपुर पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव, बसरिया उप मुखिया प्रतिनिधि संजू यादव, टेकलाल साव, चंदन पासवान, विजय साव, करण पासवान, विकास कुमार, टिंकू पासवान, बिनोद साव, रामदेव साव, जितेंद्र साव, बसंत साव, सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 01-09-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## खोड़ाहार मुखिया आम जनता के कागज़ातों पर नही करती है हस्ताक्षर, हो कार्रवाई : कविता कुमारी

### महिला नेत्री कविता कुमारी ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर आमजनों की समस्या को सुलझाने का किया आग्रह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए

खोड़ाहर मुखिया प्रत्याशी सह महिला नेत्री कविता कुमारी ने खोड़ाहर मुखिया अनिता देवी पति खिरोधर यादव पर गम्भीर आरोप लगाया है। उन्होंने बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि वह पूर्व मुखिया प्रत्याशी खोड़ाहार पंचायत से चुनाव लड़ी और चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रही। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में लगभग 8 सौ मत उन्हें प्राप्त हुआ।जिसके बाद निर्वाचित मुखिया अनिता देवी व उनके पति खिरोधर यादव द्वारा राजनीतिक भेदभाव करने के कई मामले सामने आ रहे हैं। आम जनों के ज़रूरी कागज़ातों पर हस्ताक्षर नहीं कर आमजनों का राजनैतिक उत्पीड़न किया जा रहा है। आम जनों को वोट नहीं देने पर उनका उपहास उड़ाया जा रहा है।महिला नेत्री कविता कुमारी ने बीडीओ को बताया कि खोड़ाहार मुखिया के द्वारा लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाया जा रहा है, इतना ही नहीं मुखिया के हस्ताक्षर में आ रही भिन्नता के कारण आम जनों के अलावा पदाधिकारी भी परेशान हैं। उन्होंने बीडीओ से आग्रह किया कि आमजनों की समस्या को सुलझाने और मुखिया को निर्देश देने का आग्रह किया है। वहीं पूछे जाने पर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव ने बताया की जिसका दस्तावेज में गड़बड़ी पाई जाती है उसका दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से मना करता हूं। साथ ही उन्होंने कहा की मेरे ऊपर लगाए गए सारे आरोप बे बुनियाद है मुझे बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।

## गणपति महोत्सव पर बाल नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


विष्णुगढ़ में गणपति महोत्सव पर बाल नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन करते विधायक

विष्णुगढ़ के देवी मंडप परिसर में आयोजित गणपति महोत्सव को लेकर बाल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका बतौर मुख्य अतिथि माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। विधायक ने गणपति पूजा के सभी सदस्यों को इस आयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया। कहा कि एक दो दिनों से कई स्थानों पर गणपति पूजा पंडाल एवं मेला का उद्घाटन किया। परन्तु विष्णुगढ़ के गणपति महोत्सव सह मेला जैसा नजारा कहीं देखने को नहीं मिला। कहा कि इस स्थल के विकास के लिए मैं हमेशा प्रयत्नशील हूं। आने वाले दिनों में यहां विकास के अन्य सौगात दिए जाएंगे। इस परिसर के पास आईटीआई भवन का निर्माण प्रगति पर है। उन्होंने आयोजकमंडल अनुशासन में रहकर महोत्सव सह मेला का समापन करने की बात कही। विधायक ने बाल नृत्य प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उपहार दिया। मौके पर अध्यक्ष शंकर कुमार, ।सचिव नितीश कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी नीरज बर्मन, संदीप कुमार, विजय कुमार, बहादुर साव कसेरा, बजरंगी प्रसाद कसेरा, विनोद प्रसाद कसेरा, मधुसूदन प्रसाद, गुरु प्रसाद, केबी मंडल, हिरामन महतो, मिथिलेश कसेरा, जीवन सोनी, राजेश सोनी, शंभू सोनी, मुखिया रामचंद्र यादव, राजेंद्र प्रसाद, पंकज लाहकार, उपमुखिया अनुराग बर्मन, गिरजा साव, अशोक प्रसाद कुशवाहा, बुधन यादव, ओंकारनाथ शर्मा, विशेश्वर स्वर्णकार, अवधेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## अपराधियों ने दिनदहाड़े कोयलंग बालू यार्ड मे की फायरिंग कर्मी के साथ किया मारपीट, जांच में जुटी पुलिस ने दो खोखा बरामद की

### 4 दिन पहले नयाटाण्ड़ पेट्रोल पंप के पास भी अपराधियों ने की थी फायरिंग।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बडकागांव प्रखंड के तलसवार पंचायत के कोयलंग(करमाटांड) स्थित बिंदेश्वरी कुमार उर्फ बिंदु के बालू यार्ड में गुरुवार को लगभग 3.50 बजे अज्ञात अपराधियों ने जेसीबी चालक व खलासी के साथ मारपीट किया । इस दौरान अपराधियों ने जमीन पर दो गोली एवं एक गोली हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इस दौरान अपराधियों ने यार्ड में कार्यरत कर्मीयो से कहा मालिक को जयकांत जी से मिलने के लिए कहो , नहीं तो बालू यार्ड को बंद रखो। बताया जाता है कि अपरा. धियों की संख्या 3 थी तीनों ब्लू रंग की अपाची मोटरसाइकिल से आए थे सभी के पास हथियार थे। इसकी जानकारी पुलिस को मिलते ही बड़कागांव पुलिस इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की विस्तृत रूप से जानकारी ली एवं घटना स्थल बालू यार्ड उपस्थित लोगों से पूछताछ की। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल पर दो खोखा भी बरामद किया। बताते चलें कि इसके 4 दिन पूर्व 29 अगस्त को रात को 6 की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने नयाटाण्ड़ पेट्रोल पंप के पास बालू ले जा रहे हाईवा चालक के साथ मारपीट की एवं घटनास्थल पर फायरिंग करते हुए फरार हो गए। इसके अलावा उसी रोज रात में ही पसरिया जंगल में भी अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था। 23 अगस्त से लेकर अब तक कई बार अपराधियों के द्वारा घटना को अंजाम दिया जा चुका है। मामले को लेकर बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है करवाई तेज कर दी गई है।

## एनटीपीसी के सौजन्य से हजारीबाग पुलिस लाइन में बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य का शिलान्यास

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


शलान्यास करते पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे एवं महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव

बडकागांव : एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं हजारीबाग जिला पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चोथे द्वारा हजारीबाग पुलिस लाइन में बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस कर्मियों के लिए आदर्श बैरक, फ्लैग पोस्ट एवं पार्किंग शेड का निर्माण एनटीपीसी के सौजन्य से कराया जाएगा। इसमें पुलिस जवानों के लिए तमाम सुविधाएं होंगी। इसके रखरखाव का पूरा जिम्मा हजारीबाग पुलिसकर्मियों पर होगा। मौके पर परियोजना महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने कहा की हजारीबाग जिला पुलिस के साथ हमारे जुड़ाव को अगले स्तर तक ले जाना है, और सुचारू खनन कार्यों के लिए मैं सभी पुलिस के जवानों एवं अधिकारियों को अपना आभार व्यक्त करता हूँ। इस अवसर पर परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपरमहाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, सिविल विभाग उपमहाप्रबंधक रंजीत कुमार, एवं हजारीबाग पुलिस तथा एनटीपीसी के सभी अधिकारीगण उपस्थित थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## टी० पी० सी० संगठन का जोनल कमाण्डर अत्याधुनिक हथियार के साथ गिरफ्तार, एसपी

### 16 संगीन आपराधिक मामलों का अभियुक्त है गिरफ्तार ज़ोनल कमांडर

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :- चतरा पुलिस कप्तान राकेश रंजन की कुशल नेतृत्व ने न केवल उग्रवादियों की बल्कि मादक पदार्थो के तस्करों एंव अन्य अपराधियों पर नकेल कसने में कामियाबी हासिल किए हैं। रणनीति के तहत चतरा पुलिस की लंबी खामोशी ने आखिरकार प्रतिबंधित टीपीसी उग्रवादी संगठन का दुर्दांत जोनल कमांडर को अत्याधुनिक हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सली पर चतरा, लातेहार, पलामु जिले के विभिन्न थानों में हत्या, रंगदारी आगजनी एवं शस्त्र अधिनियम के तहत 16 मामले दर्ज हैं।

इस सम्बंध में प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया कि चतरा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कासी जंगल में टी॰पी॰सी॰ उग्रवादी संगठन के रिजनल कमाण्डर आक्रमण के नेतृत्व में अन्य कमाण्डर हथियारबंद होकर किसी घटना को अंजाम देने के फ़िराक़ में हैं। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अशोक कुमार प्रियदर्शी, एसडीपीओ, सिमरिया के नेतृत्व में एक अभियान टीम का गठन किया गया। उक्त अभियान टीम में सिमरिया थाना टीम तथा सी0आर0पीण एफ0 190 बटालियन के क्युआरटी टीम को शामिल किया गया। गठित टीम द्वारा कासीयातु जंगल में अभियान चलाकर टी0पी0सी0 उधवादी संगठन के जोनल कमाण्डर भैरव गंझू उर्फ भाष्कर जी उर्फ विरप्पन जी को भारी मात्रा में हथियार एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में सिमरिया थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

गिरफ्तार ज़ोनल कमांडर (1) वर्ष 2021 में पलामू के नागद में चतरा पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में शामिल था। 2. लावालौंग थानान्तर्गत जिला परिषद प्रत्याशी विक्रम रजक हत्याकांड का मुख्य आरोपी में से एक है। 3. लातेहार के बालूमाथ थानान्तर्गत वर्ष 2017 में ग्राम मकरा के अभिमन्यु सिंह के पत्नी एवं बेटी (दोहरा हत्याकाड) की हत्या का मुख्य आरोपी है। 4. बालूमाथ थानान्तर्गत ग्राम टुण्डाहातु के बलराम स्टोन माइंस में इंसास रा. ईफल से किये गये फायरिंग का मुख्य आरोपी है। गुरफ्तार ज़ोनल कमांडर राजगुयाना बालुमाथ जिला लातेहार का रहने वाला है। प्रेस रिलीज में बरामद असलहा की तफसीली जानकारी दी गई है।जिसमें एक M4A15-56mm राइफल (US Government Property) । (2). एक 5.56 एस0एम0 इंसास राइफल ।(3 )MAAI 5.56mm राइफल (US Government Property) तीन मैगजीन (4) इंसास एल0एम0जी0 मैगजीन-01, (5) इंसास मैगजीन, 01(6) 65.56 एस0एम0 का जिन्दा गोली 230 चक्र , ( 7 ) Ok 72 लिखा हुआ 7.62 एम0एम0 का 472 चक्र जिन्दा गोली और एमुनेशन पाउच 02 शामिल है। गुरफ्तार ज़ोनल कमांडर का आपराधिक मामला वर्ष 2017 से प्रारंभ होने का रिक०र्ड दर्ज है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कुल 16 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभियान में ये लोग थे शामिल :- इस अभियान में अशोक कुमार प्रियदर्शी, एसडीपीओ सिमरिया, पुलिस अवर निरीक्षक विवेक कुमार थाना प्रभारी सिमरिया । पुलिस अवर निरीक्षक रामदेव वर्मा, सिमरिया थाना । पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिमरिया थाना, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के अंगरक्षक एवं सेंट टीम, थाना सशस्त्र दल एवं आई0आर0बी0-03 अल्फा कम्पनी। सी0आर0पी0एफ), 190 बटालियन का क्यु0आर0टी0 टीम शामिल हैं।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया हल्ला बोल धरना प्रदर्शन

### पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर तथा खाद्य पदार्थों को करे जीएसटी से बाहर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




विष्णुगढ़ में गुरुवार को हल्ला बोल धरना में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता

कांग्रेस पार्टी की विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल धरना प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने किया। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेतहाशा महंगाई को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कहा कि सरकार अगर महंगाई पर अंकुश नही लगाती है तो जमकर विरोध होगा। केन्द्र सरकार रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग होने वाली चीजों को जीएसटी से बाहर करे। खाद्य पदार्थों का कीमतों पर अंकुश लगाएं। इससे जनता का आक्रोश उबल रहा है। यदि पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर तथा खाद्य पदार्थों की कीमत सरकार कम नहीं करती है तो जनता आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। कहा कि महंगाई मुद्दा सिर्फ कांग्रेस पार्टी का नहीं अपितु भारत के हर गरीब व मध्यम परिवार का मुद्दा है। अंत में बीडीओ के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, झारखण्डी एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष रामजन्म राय, महिला मोर्चा जिला सचिव सुनैना दुबे, महिला प्रखंड अध्यक्ष पूनम कुमारी, गणपति स्वर्णकार, जाकीर हुसैन, अलाउदीन अंसारी, कमल राम, नरेश सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गणपति महोत्सव पर आयोजित भक्ति जागरण का पूर्व विधायक ने किया उदघाटन

### सबके दु :खहर्ता है गणपति, चारो ओर बप्पा का हो रहा जयजयकार : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



गणपति उत्सव समिति ताजपुर द्वारा जागरण कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। रामगढ़ से आये कलाकारों ने भक्ति प्रस्तुति से श्रद्धालुओ को रात पर झुमाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि मुम्बई की झलक ताजपुर में देखने को मिल रहा है। कहा गणपति बप्पा सबके दुःखहर्ता है। चारो ओर गणपति बप्पा का जयजयकारा गूंज रहा है। कहा आप सभी श्रद्धालुओ पर गणेश भगवान की कृपा बनी रहे यही कामना करता हूँ। जागरण कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति अध्यक्ष अध्यक्ष संजीत वरनवाल, उपाध्यक्ष बैजु गहलोत, उपाध्यक्ष अशोक पासवान, सचिव बहादुर सिंह, उपसचिव बिजय पासवान, उपसचिव उपसचिव जितेंदर सिंह, कोषाध्यक्ष रवि कमल उपकोषा पिंटु सिंह, पुजा प्रभारी दिपक बादल एवम जय कुमार राम, संगठन सचिव अरजु रजक एवम नरेश पासवान सक्रिय सदस्य सनोज पासवान, विकास चंद्रवंशी, अखिलेश पासवान, पवन पासवान राहुल हर्ष, अंकुश शंकर साव सकेनदर सोनू शंकर वरनवाल बंटी राजेश पा,नरेश सिंह अनुप अमित सतिस एवम अन्य।

## सांढ़-छपेरवा दुर्गा पूजा समिति की गठन, अध्यक्ष बने जितेंद्र व उपाध्यक्ष तापेश्वर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागाँव प्रखण्ड के सांढ़-छपेरवा दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। इसकी अध्यक्ष बने जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू ,सचिव देवनाथ प्रसाद ,कोषाअध्यक्ष पीयूष रंजन उर्फ टिंकू ,उपाध्यक्ष तापेश्वर कुमार, उपसचिव शंकर प्रसाद मेहता ,उपकोषाध्यक्ष रंजीत रंजन, मनोरंजन मंत्री अक्षय कुमार, उप मनोरंजन मंत्री दीपक कुमार कार्यकारिणी सदस्यों में विकास कुमार ,किशोर कुमार, विक्रम कुमार, रविंद्र कुमार, मुकेश ठाकुर, आनंद कुमार, प्रकाश कुमार, महेश कुमार, दीपक कुमार, सरोज कुमार ,राहुल ठाकुर, प्रदीप कुमार कुशवाहा सहित अन्य लोगों को चयन किया गया।

इस दौरान दुर्गा पूजा को ऐतिहासिक एवं शन्ति पुर्ण संपन्न करवाने के लिए दुर्गा पूजा समिति का गठन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा को सफल बनाने हेतु विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए समिति गठित कर जिम्मेवारियाँ सौपी गई हैं।वही पूजा अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने कहा कि जो ग्रामीणों मुझे जिम्मेवारी दिया है उसे हम पूरे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे।

## जोराकाठ की टीम बनी अंतर ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट की विजेता

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : गोंदलपुरा कोल परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सेहदा गांव में आयोजित तीन दिवसीय अंतर ग्रामीण फुटब०ल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का फ़ाइनल मुकाबला जोराकाठ की टीम ने जीत लिया। इस टीम के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बसकटवा की टीम को पेनल्टी में तीन-दो से पराजित कर दिया। इसी के साथ इस प्रतियोगिता का समापन हो गया। 29 से 31 अगस्त तक चली इस फुटब०ल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव ने विजेता टीम को शील्ड और ट्र०फी देकर सम्मानित किया। मौके पर कहा कि ऐसी खेल प्रतियोगिता से युवाओं के साथ-साथ ग्रामीणों में भी नयी उत्साह का संचार होता है। युवाओं ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आयोजन से वे काफी उत्साहित हैं। इस खेल प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें भेलवा, काउंसी, चपरी, बसकटवा, जोराकाठ, बलोदर, गोंदलपुरा, रुदी, तिलैया और सेहदा आदि की टीमें शामिल थीं। प्रतियोगिता के विजेता और उप विजेता समेत बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार जोराकाठ के खिलाडी रूपेश कुमार को प्रदान किया गया। वहीँ, टूर्नामेंट के रेफरी सनोत हांसदा को भी सम्मानित किया गया।

APEM LIVE